Ans. (d) : पृथ्वीराज की '12 खम्बों की छतरी' कुंभलगढ़ किले में स्थित है। कुम्भलगढ़ किले का निर्माण 15वीं शताब्दी में राणा कुम्भा ने किया। कुम्भलगढ़ की दीवार को 'द ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया' भी कहा जाता है। कुम्भलगढ़ किला, राजस्थान राज्य के पाँच पहाड़ी किलों में से एक है जिसको साल 2013 में यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

981. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए-

सूची-I		सूची -II	
A.	गोविन्द	1.	देवमूर्ति प्रकरण
B.	नाथा	2.	द्वार दीपिका
C.	मण्डन	3.	वास्तुमंजरी
D.	कुम्भा	4.	संगीतराज

Codes

	A	B	C	D
(a)	2	3	1	4
(b)	4	2	3	1
(c)	3	2	1	4
(d)	3	2	4	1

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (a) : सही सुमेलित है-

	सूची-I	सूची-II
(a)	गोविन्द	द्वार दीपिका
(b)	नाथ	वास्तुमंजरी
(c)	मण्डन	देवमूर्ति प्रकरण
(d)	कुम्भा	संगीतराज

982. गुरुद्वारा बुद्ध जौहड़ राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?

(a) जयपुर (b) श्री गंगानगर
(c) अजमेर (d) कोटा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : गुरूद्वारा बुद्ध/बुड्ढा जोहड़ राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में स्थित है। इस गुरूद्वारा का इतिहास 17वीं सदी मे मुगललाल से संबंधित है। इस गुरूद्वारे की पक्की नींव वर्ष 1953 में रखी गयी। श्रावण अमावस्या के दिन यहाँ मेले का आयोजन किया जाता है।

983. मलिक शाह की मस्जिद कहाँ स्थित है?

(a) झालावाड़ (b) बारां
(c) जालौर (d) राजसमंद

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : मलिक शाह की मस्जिद जालौर में स्थित है। इसका निर्माण अलाउद्दीन खिलजी ने करवाया था।

984. 'जोधपुर का महामन्दिर' उपासना स्थल है -

(a) बिश्नोई संप्रदाय का (b) दादू संप्रदाय का
(c) रामस्नेही संप्रदाय का (d) नाथ संप्रदाय का

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : जोधपुर का महामंदिर नाथ संप्रदाय का उपासना स्थल है। इस महामंदिर का निर्माण महाराजा मानसिंह ने कराया था। यह मंदिर जलधर नाथ जी का है। इसमें 84 खम्भें है। मंदिर के गर्भगृह में 84 योगासनों के चित्र अंकित है।

985. गोविंद देव मन्दिर, जयपुर एवं मदन मोहन मन्दिर, करौली का सम्बन्ध किस सम्प्रदाय से है?

(a) नाथ (b) वल्लभ
(c) रामस्नेही (d) गौड़ीया

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : गोविंद देव मंदिर (जयपुर) एवं मदन मोहन मन्दिर करौली गौड़ीय सम्प्रदाय से संबंधित है। गौड़ीय सम्प्रदाय का प्रवर्तन चैतन्य महाप्रभु द्वारा किया गया था। इस संप्रदाय को 'अंचित्य भेदाभेद' संप्रदाय भी कहा जाता है।

986. अकबर द्वारा निर्मित 'शुक्र तालाब' किस जिले में स्थित है?

(a) शेरगढ़ (b) नागौर
(c) गागरोन (d) सिवाना

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : अकबर द्वारा निर्मित शुक्र तालाब नागौर दुर्ग में स्थित है। इस तालाब का विशाल फव्वारा और भित्तिचित्र अत्यंत सुन्दर है। नागौर दुर्ग एक धान्वन दुर्ग है। जिसके चारों ओर उबड़-खाबड़ भूमि और मरुस्थल है। यह दुर्ग अमरसिंह राठौर की शौर्य गाथाओं के कारण इतिहास प्रसिद्ध है।

987. लोद्रवा प्रसिद्ध है -

(a) जैनियों के लिए (b) सिक्खों के लिए
(c) जाटों के लिए (d) गुर्जरों के लिए

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : लोद्रवा राजस्थान के जैसलमेर में स्थित है। यहाँ एक जैन मंदिर एवं कल्प वृक्ष है। यह जैन मंदिर जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ से सम्बंधित है।

988. चित्तौड़गढ़ स्थित 'विजय स्तम्भ' पर पहला स्मारक डाक टिकट कब जारी किया गया?

(a) 1974 (b) 1949
(c) 1986 (d) 1956

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : चित्तौड़गढ़ स्थित विजय स्तम्भ का निर्माण महाराणा कुंभा द्वारा करवाया गया था। यह नौ मंजिला है इसकी उँचाई 122 फीट है। भारत सरकार द्वारा 1949 में विजय स्तंभ पर पहला स्मारक डाक टिकट जारी किया गया। राणा कुंभा ने विजय स्तंभ महमूद खिल्जी पर विजय के उपलक्ष्य में निर्मित करवाया था।

989. भारतीय लोक कला मण्डल संस्थान' कहां स्थित है?

(a) उदयपुर (b) जोधपुर
(c) टोंक (d) जयपुर

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : भारतीय लोक कला मंडल स्थापना उदयपुर, राजस्थान में स्थित है। यहाँ लोककला, संस्कृति, गीत का प्रशिक्षण दिया जाता है। यहाँ राजस्थान गुजरात एवं मध्य प्रदेश की लोक कलाओं का महोत्सव आयोजित किया जाता है। इस संस्थान की स्थापना पदमश्री से सम्मानित श्री देवी लाल समर द्वारा 1952 ई. में किया गया था।

990. हटुण्डी (अजमेर) में गांधी आश्रम की स्थापना .... के द्वारा की गई।

(a) अर्जुनलाल सेठी (b) हरिभाऊ उपाध्याय
(c) जमनालाल बजाज (d) माणिक्य लाल वर्मा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A